Title: Requested to break the Coal India Ltd. into independent units of participant companies as recommended by the Expenditure Finance Committee appointed by the Central Government.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, कोल इंडिया लिमिटेड में मितव्ययता बरतने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा एक्पैंडिचर फाइनेंस कमेटी गठित की गई थी और उस कमेटी ने सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिसमें कहा गया है कि कोल इंडिया लिमिटेड को भंग करके सभी अनुांगी कम्पनियों को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाये

वर्तमान स्थिति में कोल इंडिया लि. के प्रत्येक अनुांगी कम्पनी द्वारा कोल इंडिया लि. को व्यय करने हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है। यदि कोल इंडिया लि. को भंग कर दिया जायेगा तो अनुांगी कम्पनियों को कोल इंडिया लि. को व्यय करने के लिये अतिरिक्त राशि उपलब्ध नहीं कराना पड़ेगा।

अतः सरकार से अनुरोध है कि एक्सपैंडिचर फाइनेंस कमेटी की रिपोर्ट को लागू कर कोल इंडिया लि. को भंग कर कोल इंडिया लिमिटेड के अनुांगी कम्पनियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाये। इससे कोल उद्योग को अतिरिक्त व्यय से बचाया जा सकता है।